## संपादकीय

# एक कदम आगे

केंद्र सरकार ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों को लेकर एक मंत्री समूह (जीओएम) का गठन किया है। यह मंत्री समूह सेक्सुअल हैरसमेंट के खिलाफ बने मौजूदा प्रावधानों को अमल में लाने के लिए जरूरी कदम उठाएगा, साथ ही वर्तमान कानूनी व संस्थागत ढांचों को और बेहतर व मजबूत बनाने के लिए सुझाव देगा। केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह इसके अध्यक्ष होंगे। बाकी तीन सदस्य हैं- नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमन और मेनका गांधी।

यह जीओएम ्समीटू आंदोलन से बने दबाव की देन है। सोशल मीडिया से उठे इस आंदोलन ने कार्यस्थल पर यौन शोषण की समस्या को प्रभावी ढंग से उठाया और इसकी आंच केंद्र सरकार पर भी पड़ी। पूर्व विदेश राज्य मंत्री एमजे अकबर को खुद पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के दबाव में इस्तीफा देना पड़ा। अब यह समिति गठित कर सरकार ने जताया है कि वह महिलाओं के जीवन और सम्मान से जुड़े मसलों से आंखें नहीं फेर सकती, जोकि निश्चय ही एक स्वागतयोग्य कदम है। लेकिन इस कदम की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब यह मंत्री समूह तत्काल स ि य होकर कोई उल्लेखनीय पहलकदमी ले। निर्भया कांड के बाद कई तरह के ढांचे बनाने की बात कही गई, जिनमें कुछ ही बने और वे भी निरर्थक सिद्ध हुए।

उम्मीद करें कि जीओएम क्षरण की इस प्रक्रिया को रोकेगा। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए सरकारी प्रावधानों की कोई कमी नहीं है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में कई दिशा-निर्देश जारी किए, जिन्हें विशाखा गाइडलाइंस कहते हैं। इसके तहत नियोक्ताओं के लिए कार्यस्थल पर एक शिकायत समिति का गठन जरूरी बनाया गया और उन्हें महिलाओं के लिए अनुकूल माहौल बनाने के निर्देश दिए गए। इन गाइडलाइंस के प्रावधानों को 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' में और व्यापक रूप मिला। इसके तहत 10 से अधिक कर्मचारियों वाले सभी कार्यालयों में शिकायतों के निपटारे के लिए एक समिति का गठन अनिवार्य बनाया गया।

कहा गया कि शिकायत समितियों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों को 90 दिनों के अंदर हल करना होगा अन्यथा जुर्माना लगाया जाएगा। कार्यालय का पंजीकरण या लाइसेंस भी रद्द हो सकता है। इस तरह के कई और अहम प्रावधान इसमें हैं लेकिन कई कंपनियों में ऐसी समितियां हैं ही नहीं और कई में बस कागजों की शोभा बढ़ा रही हैं। शिकायत आती है तो पीड़िता को चुप करा दिया जाता है या समझौता करने के लिए कहा जाता है। दरअसल हमारा पूरा सिस्टम ही पुरुषवादी है और उसमें महिलाओं के प्रति संवेदना का घोर अभाव है। अभी महिलाओं के लिए पहले से बनी व्यवस्थाओं को ही सख्ती से लागू करा दिया जाए तो भी माहौल बदलना शुरू जाएगा।

# ट्रेन में सफर करने वालों को रेलवे देगा 'डबल तोहफा', सस्ता हो जाएगा टिकट

नई दिल्ली। फेस्टिव सीजन में रेलवे यात्रियों को लगातार बड़े तोहफे दे रही है. अब इंडियन रेलवे की तरफ से ट्रेन के सफर पहले से ज्यादा आरामदायक बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है. दिवाली और छठ के मौके पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे फ्लेक्सी फेयर स्कीम को वापस ले सकता है. यह स्कीम अभी 142 ट्रेनों पर लागू है. इनमें राजधानी, दुरंतो और शताब्दी जैसी प्रीमियम ट्रेनें भी शामिल हैं.



**लंबे समय से चल रही बदलाव की कवायद**

रेलवे की तरफ से यात्रियों को दूसरा फायदा यह मिल सकता है कि फ्लेक्सी फेयर खत्म होने के बाद अगर सीट खाली रहती है तो यात्रियों को 50 प्रतिशत के डिस्काउंट पर वह सीट मिल सकती है. सहयोगी वेबसाइट www. zeebiz. com/ hindi के अनुसार रेलवे इस हफ्ते इस पर फैसला ले सकता है. फ्लेक्सी फेयर स्कीम की आलोचना होने के बाद इसको बदलने की लंबे समय से योजना चल रही थी. कई बार डायनामिक फेयर के कारण ट्रेन का किराया फ्लाइट के किराये से ज्यादा हो जाता था. रेलवे को लगता है कि इससे उसकी आय बढ़ने में मदद मिलेगी.


**यह है रेलवे का पूरा प्लान**

फ्लेक्सी फेयर को पूरी तरह खत्म करने के लिए रेलवे हमसफर ट्रेन का मॉडल इस्तेमाल कर सकती है. फ्लेक्सी फेयर और हमसफर ट्रेनों के किराये मॉडल में काफी अंतर है. फ्लेक्सी फेयर स्कीम को खत्म करने के बाद रेलवे खाली पड़ी सीटों को बुक कराने पर यात्रियों को 50 फीसदी की छूट दे सकता है. हालांकि, इस पर अंतिम फैसला होना अभी बाकी है.

**102 ट्रेनों में लागू हो सकता है नियम**

यात्रियों को ट्रेन टिकट पर 50 फीसदी का डिस्काउंट की वेबसाइट और रिजर्वेशन काउंटर से टिकट बुक करने पर मिल सकता है. यात्रा से 4 दिन पहले तक सीटें खाली रहने पर 102 ट्रेनों में डिस्काउंट वाली स्कीम को लागू किया जा सकता है. जिन ट्रेनों में 60 फीसदी से कम बुकिंग होती है उनके ग्रेड तय कर यात्रियों को डिस्काउंट ऑफर किया जा सकता है. टिकट पर 20 फीसदी तक डिस्काउंट मिल सकता है.

# डायमंड इंडस्ट्री के 1 लाख लोगों की नौकरी खतरे में



नई दिल्ली। हीरा कारोबार से जुड़े लोगों पर बेरोजगारी के भयंकर बादल मंडरा रहे हैं। जानकारों का मानना है कि अगले 6 महीनों में देश की डायमंड इंडस्ट्री से जुड़े हर 5 में एक शख्स के बेरोजगार होने का डर है। इंडस्ट्री के सीनियर एग्जीक्यूटिव्स ने बताया कि कट और पॉलिश्ड डायमंड पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ने से री-कटिंग और री-डिजाइन का कारोबार चीन और थाईलैंड जैसे प्रतिस्पर्धी बाजारों में शिफ्ट हो रहा है।जूलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जी.जे.ई.पी.सी.) के वाइस चेयरमैन कोलिन शाह ने इस बारे बताया कि अगली 2 तिमाहियों में ड्यूटी बढ़ने, कारोबारी मुश्किलों और नकदी की कमी से सूरत में करीब 1 लाख लोगों की नौकरियां जाने का डर है। पहले देश में जो डायमंड री-कटिंग के लिए आते थे, वे अब चीन और थाईलैंड जा रहे हैं। इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक, देश में करीब 5 लाख लोग डायमंड ट्रेड से जुड़े हैं।सरकार ने करंट अकाउंट डेफिसिट (सी.ए.डी.) कम करने के लिए गैर-जरूरी उत्पादों पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाने का फैसला किया था और 26 सितंबर को कट और पॉलिश्ड डायमंड्स पर इम्पोर्ट ड्यूटी को 5 से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया गया था। शाह ने कहा कि कैश की कमी से कोई राहत नहीं मिल रही है, क्योंकि कोलैटरल नॉर्म्स और रेटिंग नॉर्म्स कड़े हो गए हैं।

**कट और पॉलिश्ड डायमंड का आयात 31.83 प्रतिशत गिरा**–मौजूदा वित्त वर्ष के पहले 6 महीने में कट और पॉलिश्ड डायमंड का आयात 31.83 प्रतिशत गिरकर 5,289.35 करोड़ रुपए रह गया।

# पेट्रोल-डीजल ने दी बड़ी राहत, 10वें दिन इतने घट गए दाम

नई दिल्ली। देश भर में पेट्रोल और डीजल के दामों में दिनोंदिन गिरावट हो रही है. इनकी कम होती कीमतों से आम आदमी को राहत मिल रही है. शनिवार को भी लगातार 10वें दिन



पेट्रोल और डीजल के दामों में कमी आई है. ससे राजधानी में पेट्रोल के दाम 80.45 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं. इसके अलावा दिल्?ली में शनिवार को डीजल के दाम 35 पैसे प्रति लीटर की गिरावट के बाद 74.38 रुपये प्रति लीटर हो गए.

पिछले दस दिनों में पेट्रोल की कीमतों में 2.38 रुपये प्रति लीटर की कमी दर्ज की गई है.

# टेलीकॉम कंपनियों को सरकार का आदेश, मोबाइल कनेक्शन के लिए बंद करें आधार केवाईसी

नई दिल्ली। सरकार ने टेलीकॉम कंपनियों को मौजूदा मोबाइल फोन ग्राहकों और नए कनेक्शन देने के लिये आधार ई-केवाईसी सत्यापन बंद करने के लिए कहा है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार की तरफ से शुक्रवार को यह निर्देश जारी किया गया. शीर्ष अदालत ने कानूनी प्रावधान के अभाव में पिछले महीने एक अहम फैसले में प्राइवेट कंपनियों को आधार का इस्तेमाल बंद करने का निर्देश दिया था. अदालत के आदेश के अनुपालन को दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार कंपनियों के लिये विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है.



# इंडीज और आस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम का ऐलान : टी-20 से धोनी और कोहली बाहर, टेस्ट में रोहित शर्मा की वापसी

नई दिल्ली। वेस्ट इंडीज के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान हो गया है. वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को नहीं शामिल किया गया है. वहीं धोनी को ऑस्ट्रेलिया में होने वाली टी-20 सीरीज के लिए भी टीम में नहीं चुना गया है. भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किया गया है. वहीं नियमित कप्तान विराट कोहली को वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है.



**वेस्ट इंडीज के खिलाफ 3 टी-20 मैचों के लिए टीम-** रोहित शर्मा (कप्तान), शिखर धवन, के एल राहुल, दिनेश कार्तिक, मनीष पांडे, श्रेयस अय्यर, रिषभ पंत, कृणाल पांड्या, वाशिंगटन सुंदर, चहल, कुलदीप यादव, भुवनेश्वर कुमार, बुमराह, खलील अहमद, उमेश यादव, शहबाज नदीम.

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टी-20 मैचों के लिए टीम-** विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शिखर धवन, के एल राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, दिनेश कार्तिक, रिषभ पंत, कुलदीप यादव, चहल, वाशिंगटन सुंदर, कृणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव और खलील अहमद.

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 टेस्ट के लिए टीम-** विराट कोहली (कप्तान), मुरली विजय, के एल राहुल, पृथ्वी शॉ, पुजारा, अंजिक्य रहाणे, हनुमा विहारी, रोहित शर्मा, रिषभ पंत, पार्थिव पटेल, आर अश्विन, आर जडेजा, कुलदीप यादव, मो.शमी, ईशांत शर्मा, उमेश यादव, बुमराह, भुवनेश्वर कुमार.

## आज का राशिफल

मेषः दिन का प्रारंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप ऊर्जा और उत्साह का अनुभव करेंगे, ऐसा गणेशजी कहते हैं। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा।

वृषभः आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आप सर्दी-खांसी, कफ या बुखार से आप परेशान हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च हो सकता है परंतु मध्याह्न के बाद कुछ अनुकूलता रह सकती है।

मिथुनः आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपको लाभदायी सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा। प्रवास या पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

कर्कः आज दिन के प्रारंभ में शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ मनदुख भी हो सकता है। मध्याह्न के बाद आपकी शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

सिंहः परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से बीतेगा। कार्य का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ परेशानी आ सकती है। मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा। मित्रों के मिलने से आनंद होगा।

कन्याः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज सोच समझकर बोलें, जिससे किसी के साथ विवाद या मनदुख न हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, समय पर दवाईयां लें। मध्याह्न के बाद प्रवास का आयोजन कर सकते हैं।

तुलाः आज आप सामाजिक तथा बाह्य क्षेत्रों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन प्रफुल्लित होगा। दांपत्य जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। मध्याह्न और संध्याकाल के बाद आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें।

वृश्चिकः आज का दिन आनंदमय बीतेगा। आप व्यवसाय या व्यापार के कार्य में व्यस्त रहेंगे। उससे लाभ भी होगा। अधिक लोगों के साथ आज मिलने के कारण विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

धनुःआज शारीरिक तथा मानसिकरूप से परेशानी का अनुभव कर सकते हैं। कार्य के लिए कुछ अधिक ही भागदौड हो सकती है। परंतु मध्याह्न के बाद आप शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता का अनुभव करेंगे।

मकरः अधिक भावनाशील, संवेदन शील न बनने के लिए आज आपको गणेशजी सलाह देते हैं। जमीन-जायदाद के दस्तावेज आदि से आज दूर रहें। कुछ मानसिक अस्वस्थता हो सकती है, इसलिए स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

कुंभः आज आपको नए कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। लेखनकार्य के लिए दिन अच्छा है। परंतु मध्याह्न के बाद परिस्थिति में बदलाव आएगा। वाणी अथवा क्रोध पर संयम रखें अन्यथा हानि हो सकती है।

मीनः आज धन का खर्च अधिक हो जाने से आपका मन परेशान हो सकता है। मनमुटाव व तनाव के प्रसंग न बनें, इसका ध्यान रखें। आर्थिक विषयों में भी संभलकर चलने की गणेशजी सलाह देते हैं।

# करवा चौथ पर 11 साल बाद बन रहा हैं ये संयोग, व्रत और पूजा से होगी विशेष फल की प्राप्ति

इस साल करवा चौथ 27 अक्टूबर को है और इस दिन बहुत ही शुभ योग बन रहे हैं, तीन विशेष योग एक साथ होने के कारण ये करवा चौथ बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। पंडितों के अनुसार इस करवा चौथ पर राजयोग, सर्वार्थसिद्धि और अमृतसिद्धि का महासंयोग होगा। ये संयोग 11 वर्ष बाद करवा चौथ पर देखने को मिलेगा, इससे पहले इसी प्रकार का योग साल 2007 में करवा चौथ पर हुआ था। इस योग को करवा चौथ की पूजा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। आपको बता दें कि करवा चौथ के दिन सुहागन स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं और माता गौरी की पूजा करती हैं और कथा सुनती हैं। इस दिन महिलाएं पूरे दिन



व्रत करने के बाद रात्रि को चांद देखने के बाद ही अपना व्रत खोलती हैं। इस दिन चांद का बहुत महत्व होता है। महिलाएं बेसब्री से चांद की एक झलक पाने के लिए इंतजार करती हैं। वहीं इस दिन महिलाओं के साथ ही कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं और वे भी चांद को देखकर ही खाना खाती हैं। इस वर्ष करवा चौथ पर पूजा का शुभ मुहूर्त क्या रहेगा आइये जानते हैं इसके बारे में..

### करवा चौथ मुहूर्त-

पूजा मुहूर्त -5:40 से 6:47 तक

चंद्रोदय समय - शाम 7 बजकर 55 मिनट

## जानते हैं राजभोग बनाने की रेसिपी



दिवाली के मौके पर सभी घरों में अलग-अलग प्रकार की मिठाइयां बनाई जाती हैं. अगर आप दिवाली पर कुछ डिफरेंट स्वीट बनाना चाहते हैं तो आज हम आपके लिए राजभोग की रेसिपी लेकर आए हैं. यह खाने में बहुत ही स्वादिष्ट होती है और आप इसे आसानी से घर में बना सकते हैं. आइए जानते हैं राजभोग बनाने की रेसिपी.

सामग्री- (पनीर बॉल के लिए),दूध- 1 1/2 लीटर ,नींबू का रस- 2 टेबलस्पून,सूजी- 1 टेबलस्पून,केसर रंग- 1 चुटकी
इलायची पाउडर- चुटकीभर,ड्राई फ्रूट (काजू, पिस्ता, बादाम)- 2 टेबलस्पून
(चीनी सिरप के लिए)
चीनी- 1 1/2 कप ,पानी- 8 कप ,केसर पानी- 2 टेबलस्पून .

विधि- 1- राजभोग बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में 11/2 लीटर दूध डालकर उबालें. अब इसमें दो चम्मच नींबू का रस डालकर धीमी आंच पर पकाएं.

2- जब दूध फट जाए तो इसे छलनी पर जालीदार कपड़ा रखकर छाने. अब इसे अच्छे से दबाकर इसका पूरा पानी निकाल ले. अब इसे बांधकर 20 मिनट के लिए लटका दें.

3- अब इस मिश्रण को कटोरे में डालकर 5 मिनट तक अच्छे से मिलाएं. जब यह स्मूथ हो जाए तो इसमें एक चम्मच सूजी, एक चुटकी केसर और इलायची पाउडर डालकर दोबारा 5 मिनट गूंथें.

4- अब गुंथे हुए पनीर का थोड़ा सा हिस्सा ले कर लोई बनाए और उंगलियों से बीच से दबाएं. अब इसमें आधा चम्मच ड्राई फ्रूट का मिश्रण भरकर गोल करें.

5- इसी तरह सारे बॉल्स बना ले. अब 2 कप चीनी को 8 कप पानी में डालकर 10 मिनट तक उबालें. अब इसमें तैयार किए हुए पनीर बॉल्स डालकर 15 मिनट तक पकाएं.

6- अब इसे ठंडा होने के लिए एक तरफ रख दें. लीजिए आपके आपका राजभोग स्वीट बनकर तैयार है. अब इसे सर्व करें.


## शब्द सामर्थ्य-71

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 70 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू-दोकू-71

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.70 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |